आईआईएम में हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया

रांची। आईआईएम, रांची में हिन्दी पखवाड़ा का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ शैलेंद्र सिंह ने की। इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ रत्नेश विश्वकसेन, रांची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ कुमुद कला मेहता समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।श्रुति लेखन में प्रथम पुरस्कार रानी लक्ष्मी व द्वितीय पुरस्कार सुरुजीत नामाता को मिला। निबंध में संजीव शाह को प्रथम व प्रियदर्शिनी साईबा को द्वितीय पुरस्कार मिला। आशु भाषण में रानी लक्ष्मी को प्रथम व प्रो असित बरण महापात्रा और अजय कुमार को द्वितीय पुरस्कार मिला।

Hindustan, 29.09.2019, Pg. 02 (Supl.)